bible educational services

शिक्षक केलिए दिशा-निर्देश

बाइबल टाइम लेवल 3 & 4

A सीरीज़

पाठ 1-6

bes INDIA
bible educational services

P.O Box - 9, MOOKANNUR P.O., 683577, Ernakulam, KERALA
E-mail : besindia1@gmail.com, www.besweb.com

शिक्षक केलिए दिशा- निर्देश।

यह दिशा-निर्देश उन शिक्षकों केलिए प्रकाशित किए है जो बाइबल टाइम सिखाते है। इस पुस्तिका को लेवल 3 लगभग 5-10 के आयु के बच्छो को पठाने में इस्तमाल कर सकते है।

हर एक टिचिन्ग गाइड में वही बाइबल पद का अनुकरण किया है जो बाइबल टाइम पाठ में दिए गए है। बाइबल टाइम पाठ और गाइडलाइन्स साप्ताहिक आधार पर उपयोग करने केलिए बनाया गया है। आप्रैल के पाठ क्रिस्मस से सम्बन्धित है।

कई क्षेत्रों में A4 पाठ और दूसरे क्षेत्रों में A5 पुस्तिका को जिसमे 24 पाठ शामिल है असका उपयोग करते है। आम तौर पर शिक्षक A4 मासिक पाठ का वितरण करेंगे ओर एक हफ्तें में एक पाठ को विध्यालय, गिरिजाघर, या अपने घर ले जाकर पूरा करके वापस लौटाना चाहिए। हर महीने के अन्त में शिक्षक पाठ को इकट्ठा करके जाँचने के बाद जल्द ही लौटाना चाहिए।

आदर्शरूप में पुस्तिका इस्तमाल करते वक्त सत्र के अन्त में जाँच करने केलिए इकट्ठा करते है। हम समझ सकते है कि कई परिस्थितियों में यह असम्भव है। ऐसे स्थिति में पुस्तिका को कक्षा के दुसरे बच्चों में वितरण करके उन से जाँच करवाया जा सकता है। पुस्तिका के पीछे हर महीने का अन्क लिखने और बच्चों की प्रगति के बारे में टिप्पणी लिखने का स्थान दिए गए है। एक प्रमाण पत्र भी है जिसे अलग करके छः महीनों में प्राप्त किए कुल अन्क लिखकर बच्चों को देने है।

शिक्षक केलिए तैयारी

हम आदेशात्मक नही होने चाहते जिसकी वजह से शिक्षक को अपने विचारों और तरीको से सिखाने का अवसर न मिले। यह बाइबल टाइम सिखाने केलिए सिर्फ एक सूझाव है।

- **कहानी से सुपरिचित होना** - शिक्षकों को बाइबल कहानियों और उससे जुडे बाइबल टाइम पाठ से अच्छी तरह से सुपरिचित होना चाहिए। शिक्षक को पहले पाठ पूरा करना चाहिए। हर एक पाठ की दिशा-निर्देशों को ध्यान से पढकर नियोजन सहायता के रूप में भी इस्ततमाल करना चाहिए।

- **विषय को समझना** -हर एक पाठ के आरम्भ में अपने यह वाक्य देखा होगा - "हम सीख रहे हे कि" उसके बाद सीखने के दो उदेश्य भी दिए गए है जो हमे उम्मीद है कि शिक्षक के प्रस्तुति और बच्चे बाइलब टाइम को पूरा करने पर उन्हे समझ आऐंगे। सीखने का पहला उदेश्य है विषय के बारे में ज्ञान प्राप्त करना और दूसरा उदेश्य है बच्चे को इस ज्ञान के बारे में सोचने, प्रयोग करके अनुक्रिया देने केलिए प्रोत्साहन देना। यह निर्देशन पाठ में दिए गए मुख्य विषय सत्य का सूक्षम वक्तत्य है। इसे शिक्षक अपने पढाने और सीखने के अपने व्यक्तिगत मूल्यान्कन केलिए उपयोग कर सकते है।

- **परिचय कराना** - हर पाठ के आरम्भ में उन परिस्थितियों में बच्चों के अपने अनुभव के बारे में पूछकर शुरु करना चाहिए। बच्चों को पाठ का परिचय कराने केलिए कई तरीको का सुझाव दिए गए है। जिसके सहायता से कहानी की प्रारम्भ के बारे में बच्चे सम्वातात्मक चर्च कर सकेंगे।

- **पढाना**- कहानी की मुख्य सारांश हमने दिए है। हम यह नही चाहते की पढाते वक्त शिक्षक इसे देखे। हम चाहते है की शिक्षक इस पाठ से इतना परिचित हो ताकि मनेरन्जक और प्रेरणापद तरीके से बच्चों को वह सीखा पाऐंगे। शिक्षक यह चाहेंगे की बच्चे कहानी की मुख्य पाठ को समझे और उस कहानी को सीखने के बाद अनुक्रिया दे। कई प्रधान व्यख्यों को हम तिरछे अक्षरों में लिखे है।

- **सीखना** -हर एक कहानी में एक मुख्य पद दिए गए है। कई जगह दो पद दिए है। हम चाहते है की बच्चों को अक्सर मुख्य पद याद दिलाते रहे ताकि उन्हे बाइबल पदों के बारे में ज्ञान प्राप्त हो।

- **पूरा करे** - एक विध्यालय कि माहोल में बच्चो की सामर्थ्य और शिक्षक की तरह से दिए जाने वाले मदद के बारे में हमे पता होता है। कई बच्चों केलिए ज़रूरी है की शिक्षक उन्हे पाठ पढ के सुन्ाए। अन्य बच्चों स्वयं पढ सकते है। दोनों हाल में यह अच्छा होगा अगर बच्चों का ध्यान हम सवालों से सम्भन्धित निर्देशों के और खीच सके। अगर आप स्कूल से बाहर बाइबल टाइम सीखा रहे हो तो यह बहुत ज़रूरी है कि आप मदद केलिए मौजूद हो ताकि बच्चों को यह न लगे की यह एक बहुत ही मुश्किल काम या परीक्षा है। पढाते वक्त उसे मज़ेदार बनाना प्रोत्साहित करना और तारीफ करना अनिवार्य है।

- **याद करना**- पाठ को दोहराते वक्त पहेली या अभिनय द्वारा उसे मनोरंज़क बनाए ताकि बच्चों को वह हमेशा याद रहे।
- **प्रदर्शित करना**-हो सके तो चाक्षुष सहायक सामग्री का उपयोग करे ताकि बच्चों पाठ को अच्छी तरह से समझ सके। बेबसाइट में (www.freebibleimages.org & info@eikonbibleart.com) से यह सामग्री मिल सकते है।

1. मुख्य पद को सिखाना

पद को कागज़ या बोर्ड में लिखे और जैसे बच्चे उसे दोहरराते है पद से एक-एक पद करके निकाले ताकि अन्त में पूरा पद को निकाल दिया जाए और बच्चे उन्हे बिना देखे दोहराए।

2. मुख्य पद को परिचय कराने केलिए

A. बच्चों को दो झुण्ड में डालेः एक झुण्ड को कई अक्षर लिखे हुए परचियाँ दे और दुसरे झुण्ड को खाली परचे। बच्चे आपस में मिलकर उसे पूरा करे और सीखे।

B. सबसे पहले जो बच्चा बाइबल में यह पद ढूँढे वह जोर से उसे पढे।

समय योजना

क्रमः हर पाठ केलिए हम एक ही क्रम दिए है। लेकिन शिक्षक चाहे तो इच्छा अनुसार बदल सकते है।

1. प्रस्तुतीकरण और कहानी को सुनाना - लगभग 15 मिनट
2. मुख्य पद को पढाना - 5-10 मिनट
3. कार्य-पत्र को पूरा करना - 20 मिनट
4. सवाल-जवाब और दूसरे क्रियाकलाप - 5-10 मिनट

हमेशा यह कहावत याद रकनाः

"मुझे सुनाईए, मैं भूल सकता हूँ,
'मुझे दिखाईए, मैं याद रखूँगा,
मुझे शामिल करे, मैं सीख लूँगा।"

बाइबल टाइम पाठ्यक्रम

	लेवल 0 (प्री स्कूल) लेवल 1 (उम्र 5-7) लेवल 2 (उम्र 8-10)	लेवल 3 (उम्र 11-13)	लेवल 4 (उम्र 14+)
स्टार्टर सीरीज़	1. पहला पाठ - परिचय 2. U 1 लूका का सुसमाचार 3. U 2 लूका का सुसमाचार 4. U 3 लूका का सुसमाचार	1. पहला पाठ - परिचय 2. U 1 लूका का सुसमाचार 3. U 2 लूका का सुसमाचार 4. U 3 लूका का सुसमाचार	1. पहला पाठ - परिचय 2. U 1 लूका का सुसमाचार 3. U 2 लूका का सुसमाचार 4. U 3 लूका का सुसमाचार
सीरीज़ A	1. सृष्टी 2. नूह 3. पतरस 4. पतरस- क्रूस 5. अब्राहम 6. अब्राहम 7. पतरस 8. पतरस 9. याकूब 10. प्रथम ईसाई 11. पौलूस 12. क्रिसमस की कहानी	1. सृष्टी 2. नूह 3. पतरस 4. पतरस- क्रूस 5. पतरस 6. अब्राहम 7. याकूब 8. प्रार्थना 9. पौलूस 10. पौलूस 11. पौलूस 12. क्रिसमस की कहानी	1. सृष्टी और पाप 2. उत्पत्ति 3. पतरस 4. पतरस- क्रूस 5. पतरस 6. अब्राहम 7. याकूब 8. मसीही जीवन 9. पौलूस 10. पौलूस 11. पौलूस 12. क्रिसमस की कहानी
सीरीज़ B	1. मसीह का प्रारम्भीक जीवनकाल 2. अलौकिक कर्म 3. बैतनिय्याह 4. क्रूस 5. दृष्टान्त 6. यूसुफ 7. यूसुफ 8. यीशु ने मिले लोग 9. मूसा 10. मूसा 11. मूसा 12. क्रिसमस की कहानी	1. दृष्टान्त 2. अलौकिक कर्म 3. बैतनिय्याह 4. क्रूस 5. प्रथम ईसाई 6. यूसुफ 7. यूसुफ 8. सुसमाचार के लेखक 9. मूसा 10. मूसा 11. मूसा 12. क्रिसमस की कहानी	1. दृष्टान्त 2. अलौकिक कर्म 3. बैतनिय्याह 4. क्रूस 5. प्रथम ईसाई 6. याकूब और परिवार 7. यूसुफ 8 प्रेरितों 2:42 आगे की और 9. मूसा 10. मूसा 11. व्यवस्था 12. क्रिसमस की कहानी
सीरीज़ C	1. दानियेल 2. और अलोकिक कर्म 3. यीशु ने मिले लोग 4. मसीह की मौत 5. रूत और शमुएल 6. दाऊद 7. दाऊद 8. यहोशू 9. एलिय्याह 10. एलिय्याह 11. योना 12. क्रिसमस की कहानी	1. दानियेल 2. यीशु ने मिले लोग 3. और अलोकिक कर्म 4. मसीह की मौत 5. रूत 6. शमूएल 7. दाऊद 8. यहोशू 9. एलिय्याह 10. एलिय्याह 11. परमेश्वर द्वारा उपयुक्त लोग (पुराना नियम) 12. क्रिसमस की कहानी	1. दानियेल 2. यीशु की कहावत 3. प्रभु की शक्ति 4. मसीह की मौत 5. रूत 6. शमूएल 7. दाऊद 8. यहोशू 9. एलिय्याह 10. एलिय्याह 11. पुराने नियम के और किरदार 12. क्रिसमस की कहानी

	A1 – लेवल 3 कहानी 1- आदि में विषय: परमेश्वर ने पृथ्वी की सृष्टि की।	A1 – लेवल 4 कहानी 1- सृष्टि विषय: आदि में।
	बाइबल फोकस: उत्पत्ति 1: 1-19 ***मुख्य पद : उत्पत्ति 1:1*** **हम सीख रहे की :** • परमेश्वर ने संसार और उसमें सब कुछ बनाया। • परमेश्वर ने मनुष्य को बनाया और व्यक्तिगत रूप से हमें पहचानता है और प्यार करता हैं।	***बाइबल फोकस: उत्पत्ति 1: 1-31*** ***मुख्य पद : इब्रनियों 1:10; यशायाह 45:18*** **हम सीख रहे की :** • परमेश्वर ने इस ब्रह्मांड को बनाया। • परमेश्वर सर्वशक्तिमान हैं। • परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप के अनुसार बनाया।
पहचान कराने	छात्रों से इन प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए कहें। इसके बाद छात्र अपने एक साथी के साथ अपना जवाब सांझा सकते हैं। 1. ब्रह्मांड में कितने तारे हैं? 2. दुनिया में कितने लोग हैं? कुछ मिनटों के बाद निंनलिखित जवाब प्रकाशित करें: • यूरोपियन अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार तारों का सहीं संख्या कहना असंभव हैं। अनुमान किया गया है की अकेले हमारी आकाशगंगा में ही 100 हज़ार मिलियन तारें हैं। लाखों अन्य आकाशगंगाओं और भी हैं। जिनमें असंक्ख्य और तारें है। • दुनिया में 7 बिलियन लोग हैं।	छात्रों से इन प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए कहें। इसके बाद छात्र अपने एक साथी के साथ अपना जवाब सांझा सकते हैं। 1. ब्रह्मांड में कितने तारे हैं? 2. दुनिया में कितने लोग हैं?
पूरा करने	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. सब कुछ अस्तित्व होने से पहले भगवान वहां मौजूद थे। 2. परमेश्वर ने छः दिनों में संसार का सृष्टि की। 3. पहला दिन परमेश्वर ने उजियाला बनाया और उन्होंने उजियाले को अन्धियारे से अलग किया। दूसरे दिन परमेश्वर ने आकाश बनाया और इसे नीचे जल से अलग किया। तीसरे दिन परमेश्वर ने जल को एक स्थान में इकट्ठा किया और सूखी भूमि को पृथ्वी बुलाया। चौथे दिन भगवान ने आकाश में ज्योतियाँ रखीः सूर्य, चंद्रमा और सितारें। पांचवें दिन परमेश्वर ने जल-जंतुओं और पक्षियों को बनाया। छठे दिन परमेश्वर ने जानवरों को बनाया। 4. फिर परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप के अनुसार बनाया। पृथ्वी को भरने और पृथ्वी और उसके प्राणियों पर शासन करने नर और नारी के रूप में उसने मनुष्यों की सृष्टि की। 5. परमेश्वर ने मनुष्य और उसके सभी प्राणियों के लिए भोजन प्रदान किया। 6. परमेश्वर ने जो कुछ भी बनाया उसे देखा और सोचा की सब कुछ अच्छा हैं। **मुख्य पद का व्याख्या कीजिये और छात्रों को इसे स्मरण करने के लिए प्रोत्साहित करें।** **पाठ 1 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. परमेश्वर ने छः दिनों में संसार का सृष्टि की। 2. पहला दिन परमेश्वर ने उजियाला बनाया और उन्होंने उजियाले को अन्धियारे से अलग किया। दूसरे दिन परमेश्वर ने आकाश बनाया और इसे नीचे जल से अलग किया। तीसरे दिन परमेश्वर ने जल को एक स्थान में इकट्ठा किया और सूखी भूमि को पृथ्वी बुलाया। चौथे दिन भगवान ने आकाश में ज्योतियाँ रखीः सूर्य, चंद्रमा और सितारें। पांचवें दिन परमेश्वर ने जल-जंतुओं और पक्षियों को बनाया। छठे दिन परमेश्वर ने जानवरों को बनाया। 3. परमेश्वर की शक्ति अद्भुत हैः उसने अपने वचन से केवल छह दिन में इस दुनिया को बनाया। 4. परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप में, नर और नारी के रूप में बनाया। 5. जब परमेश्वर ने अपने सृष्टि को देखा थो उनका फैसला था कि सब कुछ बहुत अच्छा था। **मुख्य पद का व्याख्या कीजिये और छात्रों को इसे स्मरण करने के लिए प्रोत्साहित करें।** **अध्याय 1 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	4/5 के समूह में बच्चों को अलग करें। और परमेश्वर के छः दिनों की सृष्टि को प्रस्तुत करते पोस्टर्स बनाएं।	इस पाठ में आपने परमेश्वर के व्यक्तित्व के बारे में क्या सीखा है? इस को प्रतिबिंबित करने के लिए एक संक्षिप्त शब्द कविता, अनुच्छेद परिवर्णी या काव्य लिखें।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. परमेश्वर सर्वशक्तिमान हैं और वे सब कुछ का सृष्टिकर्ता हैं। भले ही उनकी सृष्टि बहुत ही विस्तृत है, वह हम में से हर एक को जानता है और प्यार करता है।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. परमेश्वर ने हमारी दुनिया बनाई और उसने हमें भी बनाया। यह हक़ीक़त हमारे जीवन में क्या अन्तर लाना चाहिए? 2. **उत्पत्ति 1:26,27 ः यशायाह 45:18** पढ़े। मनुष्य के लिए परमेश्वर का दर्शन क्या था? यह आज हमारी जीवन शैली को कैसे प्रभावित करता है?

	A1 – लेवल 3 कहानी 2 - आदि में विषय: परमेश्वर मनुष्य का सृष्टि करता हैं।	A1 – लेवल 4 कहानी 2 - सृष्टि विषय: सम्पूरित।
	बाइबल फोकस: उत्पत्ति 1: 20 - 31 ***मुख्य पद : उत्पत्ति 1:27*** **हम सीख रहे हैं कि:** 1. परमेश्वर ने जानवरों को बनाया लेकिन उसने मनुष्य को सबसे ख़ास बनाया। 2. परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप में बनाया, ताकि मनुष्य परमेश्वर की तरह बने और उसके सृष्टि पर शासन करे। 3. परमेश्वर ने उसके साथ और अन्य मानव के साथ आपसी संबंध के लिए लोगों का सृष्टि किया। 4. परमेश्वर ने मनुष्य को जिम्मेदारी दी।	***बाइबल फोकस: उत्पत्ति 1: 27-31, 2: 1-9*** ***मुख्य पद : यूहन्ना 1:1-3*** **हम सीख रहे हैं कि:** 1. परमेश्वर सातवें दिन विश्राम किया। 2. परमेश्वर विश्राम के लिए सब्त का दिन बनाया। 3. परमेश्वर ने मनुष्य को जीवन दिया। 4. मानव जीवन अद्वितीय मूल्य का है।
पहचान कराने	4 के समूह में कक्षा को विभाजित करें। हरएक समूह को कागज का एक टुकड़ा और एक मार्कर कलम दें। समूह से एक व्यक्ति को एक जानवर का चित्र खींचना होगा और बाकी समूह को अन्दाज़ा लगाना हैं की वह कौन सा जानवर हैं।	निम्नलिखित वाक्यों को पढ़ें और प्रत्येक वाक्य के बारे में अपनी राय देने के लिए छात्रों से कहें। 1. रविवार एक विशेष दिन होने का विचार आज अप्रासंगिक है। 2. होमवर्क और खरीदारी करने के लिए रविवार एक शानदार समय है। 3. रविवार को खेल कूद मना किया जाना चाहिए। 4. मानव भ्रूण पर चिकित्सा अनुसंधान स्वीकार्य है। 5. ईसाइयों को युद्धों में शामिल नहीं होना चाहिए।
पूरा करने	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें:** 1. परमेश्वर ने फलदायी होने और पृथ्वी में भरने के लिए जानवरों को बनाया। 2. परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप के अनुसार अपनी समानता में बनाया। ताकि वे पशु-पक्षी और मछिलयों पर अधिकार रखें। 3. परमेश्वर ने नर और नारी के रूप में मनुष्य को बनाया। 4. परमेश्वर मनुष्य को आशीर्वाद दिया और उन्हें विशेष कार्य और जिम्मेदारियां दीं (उन्हें फलदायी होने, पृथ्वी में भरने और परमेश्वर की सृष्टि पर अधिकार रखना था) 5. हमारे जीवन के लिए भोजन का स्रोत प्रदान किया। 6. परमेश्वर अपने सृष्टि से बहुत खुश था। और उसने देखा और कहा कि वह अच्छा हैं। **मुख्य पद का व्याख्या कीजिये और छात्रों को इसे स्मरण करने के लिए प्रोत्साहित करें।** **पाठ 2 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें:** 1. आदि में जब सब कुछ बेडौल और सुनसान पड़ा था तब भी परमेश्वर वहाँ था। वचन (प्रभु यीशु) परमेश्वर था। सब कुछ उसी के द्वारा उत्पन्न हुआ, कोई भी वस्तु उसके बिना उत्पन्न नहीं हुई। परमेश्वर सृष्टिकर्ता हैं। 2. परमेश्वर आदम को अदन की वाटिका में रखा। 3. परमेश्वर अदन वाटिका में दो विशेष पेड़ लगाए: जीवन के वृक्ष और भले या बुरे के ज्ञान के वृक्ष। 4. परमेश्वर सातवें दिन विश्राम किया और मनुष्य को विश्राम करने के लिए एक विशेष दिन का प्रावधान बनाया। 5. परमेश्वर ने मनुष्य के नथनों में जीवन का श्वास फूका। इस तरह मनुष्य जानवरों से अलग बना। मानव जीवन अनमोल और अद्वितीय मूल्य का हैं। छोटे समूहों में चर्चा करें फिर पूरे समूह को प्रतिक्रिया दें: **मुख्य पद का व्याख्या कीजिये और छात्रों को इसे स्मरण करने के लिए प्रोत्साहित करें।** **अध्याय 2 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	छोटे समूहों में चर्चा करें फिर पूरे समूह को प्रतिक्रिया दें: परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप के अनुसार अपनी समानता में बनाया। ताकि वे पश-पक्षी और मछिलयों पर अधिकार रखें। हम उन्से कैसे बर्ताव करते हैं? परमेश्वर ने उसके साथ और अन्य मानव के साथ आपसी संबंध के लिए मनुष्य का सृष्टि किया। हम किस तरह से परमेश्वर और अन्य लोगों के लिए अपना प्यार दिखा सकते हैं। घर पर? विद्यालय में? गिरिजाघर में?	**निर्गमन 20:8 और मरकुस 2:27** पढ़े। आज हमारे लिए इन पदों की प्रासंगिकता क्या है? हमने सीखा है कि मनुष्य अद्वितीय मूल्य का है। विज्ञान, चिकित्सा, कानून और बुजुर्गों की देखभाल जैसे मुद्दों को यह हकिकत कैसे प्रभावित कर सकता है?
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. परमेश्वर ने उसके साथ और अन्य मानव के साथ आपसी संबंध के लिए मनुष्य का सृष्टि किया। अगर हम हर दिन पश्चाताप करके परमेश्वर पर भरोसा करते हैं थो यह हमारे जीवन में क्या अन्तर ला सकता हैं? 2. प्रार्थना करें कि भगवान हमारी जिम्मेदारियों को पूरा करने और परमेश्वर के विशेषताओं (उदाहरण: प्रेम, दया और न्याय) को हमारे परिवारों, स्कूलों और चर्च समूह में इस सप्ताह दिखाना में हमारी मदद करें।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. आज हम अपने जीवन में सब्त का विश्राम कैसे करते हैं? क्या सब्त का विश्राम आवश्यक है? क्यों ? 2. हम कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे जीवन हमारे विश्वास को दर्शाते हैं कि मानव जीवन भगवान द्वारा दिया गया है और अद्वितीय मूल्य का है।

	A1 – लेवल 3 कहानी 3 - आदि में विषय: हालात बिगड़ गए।	A1 – लेवल 4 कहानी 3 - आदि में विषय: हालात बिगड़ गए।
	बाइबल फोकस: ***उत्पत्ति 2: 15-17; 3:1-13*** ***मुख्य पद :*** ***उत्पत्ति 3:3*** **हम सीख रहे हैं कि:** 1. आदम और हव्वा परमेश्वर की आज्ञा का उल्लंघन किया। 2. आदम और हव्वा लज्जित हो गए और उनके पाप के परिणाम का सामना करना पड़ा।	***बाइबल फोकस: उत्पत्ति 1: 14 -19; उत्पत्ति 3: 1 -7*** ***मुख्य पद : रोमियों 3 :23 ; रोमियों 6:23*** **हम सीख रहे हैं कि:** 1. परमेश्वर ने मनुष्य को जीवन के वृक्ष और भले या बुरे के ज्ञान के वृक्ष के फल खाने के लिए मना किया। 2. सर्प ने हव्वा को धोखा दिया और आदम और हव्वा ने परमेश्वर की आज्ञा का उल्लंघन किया। 3. आदम और हव्वा शर्मिंदा थ
पहचान कराने	छात्रों से पूछें कि क्या उनके स्कूल में नियम हैं। ये आवश्यक क्यों हैं? अगर लोगों ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया तो क्या होगा?	विद्यार्थियों को निम्नलिखित वक्तव्य को जोड़े में चर्चा करने के लिए कहें: स्कूल / काम / घर पर विद्यार्थियों की ज़िम्मेदारी। नियमों या दिशानिर्देशों जिसका पालन उन्हें करना हैं। अगर इन नियमों को नजरअंदाज या आज्ञा उल्लंघन कर दिया गया तो क्या होगा?
पूरा करने	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें:** 1. परमेश्वर ने आदमी को अदन की वाटिका में रखा और उसमें काम करने और उसकी रक्षा करने का काम दिया। परमेश्वर ने मनुष्य को वह सारे चीजें प्रदान किया जिसकी उन्हें जरूरत थी। लेकिन एक नियम था जो मनुष्य को पालन करना था। उसे जीवन के वृक्ष और भले या बुरे के ज्ञान के वृक्ष के फल खाने की अनुमति नहीं थी। परमेश्वर ने कहा कि अगर वह उसने खाया थो वह निश्चित रूप से मर जाएगा। 2. मनुष्य को जानवरों और पक्षियों के नाम देने का काम दिया गया। 3. आदमी को अपनी ज़िम्मेदारियों पूरा करने में मदद करने के लिए परमेश्वर ने एक स्त्री को बनाया। विवाह में, एक पुरुष और एक स्त्री एक नया परिवार बनाते हैं और एक झुण्ड के रूप में एक साथ काम करते हैं। 4. धूर्त सर्प, भेस बदले हुए परमेश्वर का विरोधी ने भगवान के आदेश पर संदेह डाली। सर्प ने आदम और हव्वा से कहा कि परमेश्वर के शासन का उल्लंघन करने पर वे मर नहीं जाएंगे। सर्प ने स्त्री को धोखा दिया और जो फल खाने के लिए परमेश्वर ने उन्हें मन किया था वोह फल स्त्री ने खाया और अपने पति को भी दिया और उसने भी खा लिया। 5. जब पुरुष और स्त्री ने ऐसा किया, वे दुखी हुए। उन्होंने अपने आप छिपाने के लिए अंजीर के पत्ते जोड़ कर कपडा बनाया। परमेश्वर ने आदम और हव्वा को पुकारा और उन्होंने सब कुछ बताया जो उन्होंने किया था। आदम ने हव्वा को दोषी ठहराया और हव्वा नेसर्प को दोषी ठहराया। 6. परमेश्वर ने सर्प को श्राप दिया। आदम और हव्वा को अपने पापों के परिणामों का सामना करना पड़ा। उन्हें बहुत दर्द का अनुभव हुआ और अत्यंत संघर्ष करना पड़ा। जीवन कठिन था, और एक दिन उन्हें मरना भी होगा। 7. परमेश्वर ने आदम और हव्वा के लिए जानवरों की खाल से कपड़े बनाये और उन्हें अदन की वाटिका से बाहर, जीवन के वृक्ष से दूर भेज दिया। **मुख्य पद का व्याख्या कीजिये और छात्रों को इसे स्मरण करने के लिए प्रोत्साहित करें। पाठ 3 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें:** 1. परमेश्वर ने आदम को वाटिका की देखभाल करने और पक्षियों और जानवरों के नामकरण की ज़िम्मेदारी दी। 2. परमेश्वर ने कहा कि मनुष्य भले या बुरे के ज्ञान का वृक्ष को छोड़कर किसी भी पेड़ का फल खा सकता है। भगवान ने कहा कि इस पेड़ से खाने का नतीजा निश्चित मौत है। 3. परमेश्वर ने आदम को स्त्री की रूप में एक सहायक बनाया। उन्हें मिलकर काम काम करना था। एक शादी में पुरुष और स्त्री मिलकर एक नया परिवार बनाते हैं। और एक टीम के रूप में एक साथ काम करते हैं। 4. धूर्त सर्प ने हव्वा को धोखा दिया, उसने परमेश्वर की आज्ञा का उल्लंगन किया। निषिद्ध फल खा लिया और आदमी को भी खाने के लिए दिया। मनुष्य ने फल खाकर परमेश्वर की अवज्ञा भी की थी। आदम और हव्वा ने फल खाकर पाप किया। 5. वे जानते थे कि उन्होंने परमेश्वर की आदेश का उल्लंगन किया हैं और शर्मिन्दा थे। उन्हें अपने इस फैसले के परिणामों का सामना करना था। 6. उन्हें परमेश्वर की सजा का सामना करना पडा। **मुख्य पद का व्याख्या कीजिये और छात्रों को इसे स्मरण करने के लिए प्रोत्साहित करें।** **अध्याय 3 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	इस पाठ को **रोमियों 5:12** से जोड़िए। आदम और हव्वा की आज्ञालंघन के कारण हम सब पापी पैदा हुए। हमारे जीवन में परमेश्वर के आदेशों के लिए अवज्ञा के उदाहरणों के बारे में विचार करने के लिए छात्रों से कहें। यह आज्ञालंघन हमारे और दूसरों के जीवन को कैसे प्रभावित करेंगें।	आदम और हव्वा के आज्ञालंघन का परिणाम क्या था? **रोमियों 5: 12 -14 और 18, 19** पढ़े। आदम की आज्ञाकारिता ने आज हमें कैसे प्रभावित किया है?
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** हमें परमेश्वर से क्षमा मांगनें की ज़रूरत है ताकि वह हमें माफ़ कर सकें और हमें नया मनुष्य बनाएं। तब हमारे जीवन परमेश्वर को आनन्द देंगें और उसके आदेशों का पालन हम कर पायेंगें।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. एक ईसाई होने के नाते परमेश्वर की आज्ञा का पालन करना अहम क्यों हैं? 2. परमेश्वर की आज्ञा का पालन प्रायौगिक तरीकों से हमारे जीवन में आज हम कैसे कर सकते हैं?

	A1 – लेवल 3 कहानी 4 - सृष्टि विषय: परमेश्वर के इच्छानुसार कार्य करना।	A1 – लेवल 4 कहानी 4 - सृष्टि विषय: पाप के परिणाम।
	बाइबल फोकस: उत्पत्ति 4 : 1-16 ***मुख्य पद : यूहन्ना 14: 6*** **हम सीख रहे हैं कि:** 1. हाबिल ने परमेश्वर के मार्ग का पालन किया लेकिन कैन ने अपने तरीके का पीछा किया। परमेश्वर ने हाबिल के भेंट को स्वीकार किया। लेकिन कैन का अस्वीकृत कर दिया। 2. कैन ने हाबिल की हत्या कर दी। परमेश्वर ने उसे देश से निर्वासित किया और उसे एक भगोड़ा बना दिया। कैन परमेश्वर के सम्मुख से निकल गया। 3. परमेश्वर तक पहुँचने का एक ही मार्ग हैं और वह मार्ग परमेश्वर का मार्ग हैं।	***बाइबल फोकस: उत्पत्ति 3: 7 -24*** ***मुख्य पद : 1 कुरिंन्थियों 15: 22; रोमियों 6:23*** **हम सीख रहे हैं कि:** 1. आदम और हव्वा ने परमेश्वर से छिपने की कोशिश की। 2. परमेश्वर ने धूर्त सर्प को शाप दिया। 3. परमेश्वर ने कहा कि आदम और हव्वा को उनके पाप के परिणामस्वरूप आगे दर्द और कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। 4. परमेश्वर ने आदम और हव्वा की नग्न को छिपाने के लिए कपड़े दिए। 5. परमेश्वर ने आदम और हव्वा को वाटिका से निर्वासित कर किया।
पहचान कराने	अगर आप किसी यात्रा पर निकलते हैं और आप कोई नक्शे पर या निर्देशों को न देखे तो क्या होगा? क्या आपने कभी दिशानिर्देशों को नजरअंदाज करके अपना रास्ता खो दिया हैं? कैन ने परमेश्वर के निर्देशों पर ध्यान नहीं दिया और एक भगोड़ा बन गया।	छात्रों को एक घटना के बारे में सोचने के लिए कहें, जब वे घर या स्कूल में अवज्ञाकारी थे। इससे उस पर क्या असर हुआ था?
पूरा करने	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें:** 1. आदम और हव्वा को दो बेटे थे। हाबिल एक चरवाहा और कैन एक किसान था। 2. परमेश्वर ने हाबिल की भेंट को ग्रहण किया: अपनी भेड़ बकरियों के एक पहिलौठे बच्चे की भेंट। लेकिन कैन का भेंट को परमेश्वर ने ग्रहण नहीं किया: भूमि के उपज में से कुछ। कैन क्रोधित और उदास हो गया। 3 . परमेश्वर ने पाप के बारे में कैन को चेतावनी दी और उनके आदेशों का पालन करने का महत्व समझाया। कैन ने खेद नहीं किया और उसने परमेश्वर की बात भी नहीं माना। 4. कैन ने अपना भाई हाबिल की हत्या किया। परमेश्वर ने उसे देश से निर्वासित किया। कैन परमेश्वर के सम्मुख से दूर एक भगोड़ा बन गया। 5. हाबिल समझ गया कि उसे परमेश्वर के लिए मेमने की भेंट करना था। लेकिन कैन परमेश्वर के नियमों के अनुसार नहीं आया और उसे दंडित किया गया। 6. हाबिल का भेंट क्रूस पर प्रभु यीशु देने वाला बलिदान का इलहाम था।	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें:** 1. आदम और हव्वा की अवज्ञा के कारण अच्छे और बुरे के बारे में एक नई जागरूकता हुई और उन्हें उनकी नग्नता के बारे में जानकारी हुए। वे भयभीत थे और भगवान से छिपना चाहते थे। 2. परमेश्वर ने आदम और हव्वा से सवाल पूछा। वह चाहता था कि वे खुद अपने गलतियों का क़बूल करें। लेकिन वे दोनों ने किसी और को ही दोषी ठहरा रहे थे । आदम ने हव्वा को दोषी ठहराया और हव्वा ने सर्प को दोषी ठहराया। 3. आदम और हव्वा को अपने अवज्ञा के परिणामों का सामना करना पड़ा। उन्हें दर्द और कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। और वाटिका में परमेश्वर की समीपता से भी निर्वासित होना पड़ा। 4. हम भी उनके पाप के परिणामों का सामना आज भी कर रहे हैं - क्योंकि आदम ने पाप किया हमें उससे तादात्म्य किया जाता हैं और हम सभी को एक दिन मरना होगा। 5. परमेश्वर कृपा भरा प्रावधान का प्रभु हैं, उसने आदम और हव्वा को अपने नग्नता को छिपाने केलिए चमड़े की कपड़े बनाकर दिए। रोमियों 6: 23 हमें सिखाता है कि प्रभु यीशु क्रिस्त को अगर हम हमारे उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करे तो परमेश्वर हमें अनन्त जीवन मुफ़्त उपहार में देंगे। **मुख्य पद का व्याख्या कीजिये और छात्रों को इसे स्मरण करने के लिए प्रोत्साहित करें।** **अध्याय 4 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	मुख्य पद में यीशु ने कहा की पिता परमेश्वर के पास पहुँचने का मार्ग वो ही हैं। परमेश्वर को प्रसन्न करने केलिए लोग किस तरह के दुसरे रास्ते अपनाते हैं ? मुख्य पद को एक कार्ड में लिखकर एक बुक मार्क या पोस्ट कार्ड बनाए।	इस पाठ हम परमेश्वर के व्यक्तित्व के बारे में क्या सीखा है? इस पाठ को **रोमियों 5:12** से जोड़िए। आदम और हव्वा की आज्ञालंघन के कारण हम सब पापी पैदा हुए। हमारे जीवन में परमेश्वर के आदेशों के लिए अवज्ञा के उदाहरणों के बारे में विचार करने के लिए छात्रों से कहें। यह आज्ञालंघन हमारे और दूसरों के जीवन को कैसे प्रभावित करेंगें।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. मुख्य पद को याद करें। 2. क्या आप यीशु की अनुकरण कर रहे हो जो परमेश्वर तक पहुंचने का एकमात्र मार्ग हैं ?	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. भगवान से उसकी आज्ञा मानने के लिए शक्ति मांगें और उन्हें धन्यवाद दें क्योंकि जब भी हम उनके आदेश न मानकर उन्हें निराश करते हैं तब भी उनके कृपा से वे हमारे लिए प्रावधान करते हैं। 2. हमें परमेश्वर से क्षमा मांगनें की ज़रूरत है ताकि वह हमें माफ़ कर सकें और हमें नया मनुष्य बनाएं। तब हमारे जीवन परमेश्वर को आनन्द देंगें और उसके आदेशों का पालन हम कर पायेंगें।

	A2 – लेवल 3 कहानी 1 - नूह और जलप्रलय विषय: जहाज का निर्माण।	A2 – लेवल 4 कहानी 1 - कैन और हाबिल विषय: परमेश्वर की आराधना।
	बाइबल फोकस: उत्पत्ति 6: 5 - 22 ***मुख्य पद : उत्पत्ति 6: 8*** **हम सीख रहे हैं कि:** 1. परमेश्वर पवित्र है लोगों की पाप उसके दिल को दुखी हैं। 2. परमेश्वर नूह को बचाने का फैसला किया। परमेश्वर ने नूह से एक बड़ी जहाज बनाने के लिए आदेश दिया ताकि नूह, उसका परिवार और हरेक जानवर और पक्षी जाति में से दो बच सके। 3. नूह ने वही किया जो परमेश्वर ने उसे करने के लिए कहा। नूह को ईश्वर पर विश्वास था और उसने उसके आदेश का पालन किया।	***बाइबल फोकस: उत्पत्ति 4: 1 - 16*** ***मुख्य पद : इब्रनियों 11: 4*** **हम सीख रहे हैं कि:** 1. हाबिल परमेश्वर के इच्छनुसार उनके पास गया परमेश्वर ने हाबिल की भेंट को ग्रहण किया। 2. कैन अपनी इच्छनुसार गया। परमेश्वर ने कैन की भेंट को अस्वीकार किया
पहचान कराने	बच्चों को एक मॉडल विमान या एक केक पकाने के निर्देशों का एक सूचीपत्र दिखाएं। कुछ बनाते वक्त निर्देशों का पालन करने का अहमियत बच्चों को समझाएं। समझाओ कि परमेश्वर ने बहुत विस्तृत निर्देश दिए और नूह ने परमेश्वर के निर्देशों को ठीक उसी तरह पालन किया।	विभिन्न परिस्थितियों की एक सूची बनाओ जिसमें हमें निर्देशों का पालन करने की आवश्यकता है। क्या होगा जब हम इन निर्देशों को अनदेखा करेंगे?
पूरा करने	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें:** 1. पृथ्वी के लोग बहुत दुष्कर्मी और निंद्य हो गए। उनके अवज्ञा और दुराचरण के कारण परमेश्वर बहुत दुखी हुए। 2. परमेश्वर ने सारे मनुष्य और जानवरों को पृथ्वी से मिटाने का फैसला किया जिसका सृस्टि उसने किय था। 3. नूह सबसे अलग था। परमेश्वर उससे प्रसन्न था। वह दूसरे लोगों से भिन्न था क्योंकि उसने सही कार्य किया और वह परमेश्वर से प्यार करता था और उसकी आज्ञा मानता था। 4. भगवान ने नूह चेतावनी दी कि वह एक जलप्रलय से सभी लोगों और जीवित प्राणियों को नष्ट करने वाला था क्योंकि उन्होंने पृथ्वी को बुराई से भर दिया था। 5. परमेश्वर ने नूह से तैयारी करने के लिए विशेष निर्देश दिया। उसने नूह से जहाज बनाने केलिए विस्तृत निर्देश दिए ताकि नूह, उसका परिवार और हरेक जानवर और पक्षी जाति में से दो बच सके। 6. नूह को परमेश्वर पर विश्वास था और उसने परमेश्वर के निर्देशों का पालन ठीक उसी तरह से किया। **मुख्य पद का व्याख्या कीजिये और छात्रों को इसे स्मरण करने के लिए प्रोत्साहित करें।** **पाठ 1 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें:** 1. आदम और हव्वा को दो बेटे थे। हाबिल एक चरवाहा और कैन एक किसान था। 2. परमेश्वर ने हाबिल की भेंट को ग्रहण किया: अपनी भेड़ बकरियों के एक पहिलौठे बच्चे की भेंट। लेकिन कैन का भेंट को परमेश्वर ने ग्रहण नहीं किया: भूमि के उपज में से कुछ। कैन क्रोधित और उदास हो गया। 3. परमेश्वर ने पाप के बारे में कैन को चेतावनी दी और उनके आदेशों का पालन करने का महत्व समझाया। कैन ने खेद नहीं किया और उसने परमेश्वर की बात भी नहीं माना। 4. कैन ने अपना भाई हाबिल की हत्या किया। परमेश्वर ने उसे देश से निर्वासित किया। कैन परमेश्वर के सम्मुख से दूर एक भगोड़ा बन गया। 5. हाबिल समझ गया कि उसे परमेश्वर के लिए मेमने की भेंट करना था। लेकिन कैन परमेश्वर के नियमों के अनुसार नहीं आया और उसे दंडित किया गया। **मुख्य पद का व्याख्या कीजिये और छात्रों को इसे स्मरण करने के लिए प्रोत्साहित करें।** **अध्याय 1 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	नूह, उसके परिवार और परमेश्वर के निर्देशों के बारे में जो कुछ भी सीखा हैं उसके आधार पर एक प्रश्नोत्तरी के साथ इस कहानी की समीक्षा करें।	नूह, उसके परिवार और परमेश्वर के निर्देशों के बारे में जो कुछ भी सीखा हैं उसके आधार पर एक प्रश्नोत्तरी के साथ इस कहानी की समीक्षा करें।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** नूह ने परमेश्वर पर विश्वास करके उनके आदेशों का ठीक उसी तरह पालन किया। हम परमेश्वर पर भरोसा कैसे कर सकते हैं?	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. कैन और हाबिल के जीवन और नज़रियों से हमें क्या सीख मिलते हैं ? 2. हमारे जीवन में इस अध्याय के सीख को हम कैसे व्यवहार में ला सकते हैं ?

	A2 – लेवल 3 कहानी 2 - नूह और जलप्रलय विषय: जहाज के अन्दर।	A2 – लेवल 4 कहानी 2 - हनोक और नूह विषय: जहाज के अन्दर।
	बाइबल फोकस: उत्पत्ति 7: 1-20 ***मुख्य पद : उत्पत्ति 7:5*** **हम सीख रहे हैं कि:** 1. परमेश्वर नूह और उसके परिवार को बचाने का एक मार्ग का प्रबन्ध किया। 2. नूह को परमेश्वर पर विश्वास था और उसने वही किया जो परमेश्वर ने उससे करने को कहा था।	***बाइबल फोकस: उत्पत्ति 5: 21 - 33; 6: 1 - 15*** ***मुख्य पद : उत्पत्ति इब्रानियों 11: 5*** **हम सीख रहे हैं कि:** 1. हनोक और उनके पड़पोता नूह परमेश्वर के साथ करीबी संगति में चलते थे। 2. परमेश्वर के साथ उनके संगति की वजह से ये दो पुरुष अन्य लोगों से अलग थे।
पहचान कराने	क्या आप कभी अपने परिवार के साथ एक सफर पर गए हो ? आपने इसके लिए क्या तैयारियां की?	परमेश्वर के साथ संबंध होने से हमें भीड़ में अलग दिखना चाहिए। मसीहियों को अन्य लोगों से अलग कैसे होना चाहिए ? इसका एक सूची बनाए।
पूरा करने	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें:** 1. परमेश्वर नूह को चेतावनी दी कि 7 दिनों के बाद वह एक जलप्रलय भेजेंगे। 2. परमेश्वर नूह से जहाज के अन्दर जानवरों को ले जाने के लिए कहा ताकि वे जलप्रलय से बच सकें। 3. उस दिन दूसरे महीने के 17 वें दिन नूह 600 साल का था। जैसा कि भगवान ने उसे निर्देश दिया था नूह ने अपने परिवार और जानवरों को जहाज में ले आया। जैसे भगवान ने कहा था 7 दिन बाद बाढ़ आ गई। 4. जब नूह और उसके परिवार जहाज में चढ़े परमेश्वर उन्हें नाव के अंदर सुरक्षित रखते हुए द्वार को बंद कर दिए। केवल नाव के अंदर बंद नूह और उसके परिवार भयानक बाढ़ से बचा। बारिश 40 दिनों तक चली। सबसे ऊँचे पर्वत से भी 22 फीट ऊपर पानी चढ़ गया। **मुख्य पद का व्याख्या कीजिये और छात्रों को इसे स्मरण करने के लिए प्रोत्साहित करें।** **पाठ 2 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें:** 1. हनोक 365 साल तक जीवित रहा और परमेश्वर के साथ करीबी संगति में चलते रहे। 2. बाइबल कहती है कि हनोक का मौत अन्य लोगों की तरह नहीं हुआ। अपने जीवन के अंत में वह तिरोहित हो गया क्योंकि परमेश्वर ने उसे स्वर्ग में उठा लिया। 3. हनोक की तरह नूह भी भगवान के साथ करीबी संगति में चलते थे। उसके आस-पास के दुष्ट लोगों से भिन्न वह एक धार्मिक व्यक्ति था। 4. नूह के दिन के लोगों की पापपूर्णता ने परमेश्वर के दिल को ठेस पहुँचाया। उन्होंने उन्हें जलप्रलय से सज़ा देने का फैसला किया लेकिन उसने नूह को बचाया। 5. परमेश्वर ने नूह उसे और उसके परिवार को बाढ़ से बचाने के लिए जहाज बनाने के निर्देश दिया। **मुख्य पद का व्याख्या कीजिये और छात्रों को इसे स्मरण करने के लिए प्रोत्साहित करें।** **अध्याय 2 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	रचनात्मक बनो ! पानी में तैरते हुए जहाज के अन्दर नूह, उनका परिवार और जानवरों का चित्र बनाइए। अपनी चित्र को 'परमेश्वर द्वारा सुरक्षित ' का शीर्षक दे।	हनोक और नूह किस प्रकार के लोग थे? उसे अन्य लोगों से अलग क्या करते थे ?
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** परमेश्वर नूह को प्यार करता था इसलिए उसे बाढ़ से बचाने के लिए एक मार्ग का प्रावधान किया। नूह को पहले परमेश्वर के निर्देशों का पालन करना था। परमेश्वर हमें न्याय के लिए तैयार रहने के लिए कहता है। परमेश्वर चाहता है कि हम उस प्रभु यीशु मसीह पर भरोसा करें जिन्होंने हमारे उद्धार के लिए क्रूस पर अपना प्राण दिया था। क्या आपने उस पर भरोसा किया है? क्या आप उद्धार पाने के लिए तैयार हैं?	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** उन अभिलक्षणों का सूची बनाइए जो मसीही को अन्य लोगों से ख़ास बनाते हैं। हनोक और नूह के परमेश्वर के साथ सम्बन्ध के बारे में विचार करिए। परमेश्वर पर भरोसा करने केलिए उनसे मदद मांगिए और इस हफ़्ता उनके राह पर चलिए। आप किसी एक सच्चा मसीही का एक खास विशेषण चुनिए और इस क्षेत्र में आपको बढ़ने में परमेश्वर से मदद मांगिए।

	A2 – लेवल 3 कहानी 3 - नूह और जलप्रलय विषय: जहाज द्वारा सुरक्षित।	A2 – लेवल 4 कहानी 3 - नूह और जलप्रलय विषय: परमेश्वर केलिए काम करना।
	बाइबल फोकस: उत्पत्ति 8: 1-22 ***मुख्य पद : उत्पत्ति 8: 1*** **हम सीख रहे हैं कि:** 1. परमेश्वर जहाज के अन्दर बन्द नूह उनके परिवार और सारे जानवरों को याद किया और देखभाल भी किया। 2. नूह परमेश्वर का आभारी था क्योंकि उसने उसे जहाज में सुरक्षित रखा था। 3. परमेश्वर ने वादा किया की सभी जीवित चीजों का नाश एक साथ फिर कभी भी नहीं होगा ।	***बाइबल फोकस: उत्पत्ति 6: 14-22; 7: 1-24*** ***मुख्य पद : इब्रनियों 11: 7*** **हम सीख रहे हैं कि:** 1. परमेश्वर ने जहाज के निर्माण के बारे में नूह को विस्तृत निर्देश दिए। 2. नूह ने परमेश्वर के निर्देशों का पालन किया और वह सुरक्षित रहा।
पहचान कराने	1. आपके माता-पिता, मित्रों या शिक्षकों आपकी देखभाल कैसे करते हैं? उन सभी तरीकों की एक सूची बनाएं। 2. प्रतिदिन परमेश्वर हमारे देखभाल कैसे करते हैं? उन तरीकों की एक सूची बनाएं। 3. जो कुछ भी हमारे परिवार, मित्र और शिक्षक हमारे लिए करते हैं, उनके लिए उन्हें धन्यवाद देने के महत्त्व के बारे में बच्चों को समझाएं। और भी आवश्यक हैं उस परमेश्वर की शुक्रिया करने जो उन सभी को बचाता है जो उस पर भरोसा करते हैं।	विमानों और जहाजों पर दिए गए सुरक्षा निर्देशों को ग्रुप के साथ चर्चा करें। क्या लोग उन्हें गंभीरता से लेते हैं? क्यों? यह इतना महत्वपूर्ण क्यों हैं कि नूह ने परमेश्वर की हर एक आदेश का पालन किया था?
पूरा करने	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें:** 1. परमेश्वर ने नूह, उनके परिवार और जहाज के अंदर बंद सभी जानवरों को याद किया। उन्होनें पृथ्वी पर पवन बहाई और जल घटने लगा। 2. 150 दिनों (कुल 5 महीने) के बाद जहाज अरारात नामक पहाड़ पर टिक गया। उसके बाद साढ़े दो महिनों तक पानी घट ता गया और दूसरे पहाड़ों की चोटियाँ दिखाई दी। 3. 40 दिन के बाद नूह ने जहाज के खिड़की खोलकर इक कौआ को उड़ाया जो वापिस नहीं आया। फिर उसने एक कबूतरी को उड़ाया, सूखी जगह न मिलने पर वह जहाज में वापिस लौट आई। सात दिन बाद उसने उसी कबूतरी को जहाज से फिर उड़ा दिया। इस बार वह चोंच में जैतून का एक नया पत्ता लिए उसके पास आई। नूह जान लिया की जल पृथ्वी से घट गया हैं। फिर 7 दिनों के बाद जब उसने कबूतरी को उड़ाया वह फिर कभी लौट कर नहीं आई। 4. आखिरकार, जल प्रलय के साढ़े बारह महीनों के बाद, पृथ्वी फिर से सूख गई। 5. परमेश्वर ने नूह से अपने परिवार समेत जहाज से निकलने को कहा। 6. नूह बहुत आभारी था। उसने एक वेदी बनाई और परमेश्वर के लिए होमबलि चढ़ाई। 7. परमेश्वर नूह के बलि से प्रसन्न थे और उन्होंने वादा किया कि फिर कभी भी वह सभी जीवित चीजों को नाश नहीं करेंगें। **मुख्य पद का व्याख्या कीजिये और छात्रों को इसे स्मरण करने के लिए प्रोत्साहित करें।** **पाठ 3 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें:** 1. परमेश्वर ने नूह को एक बड़ी जहाज की निर्माण के बारे में और उस जलप्रलय के लिए तैयारी करने के बारे में विस्तृत निर्देश दिए। 2. परमेश्वर ने जलप्रलय के बारे में विस्तृत से नूह को चेतावनी दी थी। 3. परमेश्वर नूह, उनके परिवार और जानवरों को बचाने का वादा किया। 4. परमेश्वर ने जानवरों को बचाने के बारे में विस्तृत निर्देश दिए। नूह, उसका परिवार और जानवर नाव के अन्दर चले गए। और परमेश्वर उन्हें अंदर बंद कर दिया। 5. बाढ़ 40 दिनों तक चली। भारी बारिश में सन्दूक के बाहर रहने वाले सभी जीवित प्राणी तबाह हो गया। केवल नूह और उनके परिवार ने जानवरों के साथ सन्दूक के अंदर जीवित रहे। बाढ़ के पानी के ऊपर तैरते हुए भगवान ने उन्हें सब सुरक्षित रखा। **मुख्य पद का व्याख्या कीजिये और छात्रों को इसे स्मरण करने के लिए प्रोत्साहित करें।** **अध्याय 3 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	एक पोस्टर बनाएं और उन चीजों को शामिल करें जिनके लिए हमें परमेश्वर का शुक्रिया अदा करना चाहिए, विशेष रूप से उद्धार के लिए।	हम इस कहानी में परमेश्वर और नूह के ख़ासियत की बारे में क्या सीखते हैं? उन शब्दों की एक सूची बनाएं जिस से आप इन खासियतों की वर्णन करेंगे।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** परमेश्वर नूह को बचाया और उसने उसकी देखभाल किया। नूह परमेश्वर के लिए आभारी था। परमेश्वर हमें बचाने और हमारी देखभाल करने के लिए सक्षम और तैयार है। हमें उस पर भरोसा करना चाहिए और उसे धन्यवाद देना चाहिए।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. मुख्य पद को पढ़िए। नूह के आदर्शों का पालन हम अपने जीवन में कैसे कर सकते हैं। 2. हमारे आसपास के लोगों पर इसका क्या असर हो सकता है?

	A2 – लेवल 3 कहानी 4 - नूह और जलप्रलय विषय: जहाज से बाहर।	A2 – लेवल 4 कहानी 4 - नूह और उनके परिवार विषय: परमेश्वर की आराधना।
	बाइबल फोकस: उत्पत्ति 9: 7-17 ***मुख्य पद : उत्पत्ति 9:15*** **हम सीख रहे हैं कि:** 1. परमेश्वर ने नूह से एक वाचा वचन किया। उसने वादा किया कि पृथ्वी के सारे जीवित प्राणियों का विनाश फिर कभी वह बाढ़ से नहीं करेंगे। 2. परमेश्वर ने अपने वादे के एक अनुस्मारक के रूप में आकाश में मेघधनुष रखा।	***बाइबल फोकस: उत्पत्ति 8: 1-22; उत्पत्ति 9: 11-16*** ***मुख्य पद : ईफिसियों 2: 8*** **हम सीख रहे हैं कि:** 1. परमेश्वर ने नूह, उनके परिवार और जानवर जो जहाज के अन्दर थे उन्हें याद किया । 2. नूह बहुत आभारी था और जहाज से निकलने के बाद कुछ भी करने से पहले उसने परमेश्वर की आराधना की। 3. परमेश्वर ने पृथ्वी के निवासियों को बाढ़ से फिर कभी भी नष्ट नहीं करने का वादा किया।
पहचान कराने	विभिन्न प्रकार के वादे जो लोग करते हैं उन पर जोड़े में चर्चा कीजिए। क्या लोग हमेशा अपने वादे रखते हैं?	जोड़े में, धन्यवाद कार्ड और उपहारों के बारे में चर्चा करें। लोग उन्हें क्यों भेजते हैं?क्या आपने कभी एक भेजा है? क्यों ?
